प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

''आज के मुख्य समाचार''

- देश भर में आज मनाया जा रहा संविधान दिवस–शिमला में कांग्रेस निकालेगी संविधान रक्षा मार्च।
- संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई–मेन सत्र के लिए पंजीकरण का आज आखिरी दिन।
- प्रदेश में बारिश न होने से बढ़ी आगजनी की घटनाएं– आगजनी की घटनाओं में एक महिला की मृत्यु, दो व्यक्ति घायल।
- कांगड़ा जिला ढगवार में बन रहे दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का कार्य अंतिम चरण में–4 जिलों के उत्पादकों को मिलेगा लाभ।
- प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों की छुटिटयों पर रोक लगाने का फैसला स्वास्थ्य विभाग ने लिया वापस।
- हमीरपुर जिला में सरकारी स्कूलों के पुस्तकालय अब 5 बजे तक रहेंगे खुले–युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलेगा अतिरिक्त समय।

जेईई (मेन)

संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई–मेन के पहले सत्र के लिए पंजीकरण कराने का आज अंतिम दिन है, जिसमें विलंब शुल्क भी शामिल है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि कल तक 15 लाख 73 हजार पंजीकरण फॉर्म जमा किए जा चुके थे, जिनमें से 13 लाख 96 हजार उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक अपनी फीस का भी भुगतान कर दिया है।

संविधान दिवस

आज संविधान दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष 1949 में संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाए जाने की याद में यह दिवस मनाया जाता है। संविधान दिवस को एक ऐसे अवसर के रूप में मनाया जाता है, जब हम संविधान में निहित सिद्धांतों और मूल्यों पर विचार कर सकें और इसके आदर्शों के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को फिर से दोहरा सकें।

इस अवसर पर आज शिमला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चौड़ा मैदान स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से रिज मैदान पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तक संविधान रक्षा मार्च का आयोजन किया जाएगा।

राजीव बिंदल

प्रदेश की कांग्रेस सरकार को चुनावी गारंटियों के मुद्दे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने एक बार फिर घेरा है। सोलन जिला के अर्की में पंचायती राज प्रतिनिधियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधान, बीडीसी और जिला परिषद चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की बड़ी जीत कांग्रेस के प्रति अविश्वास का प्रमाण है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस ने हर महिला को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया था लेकिन चार साल बीतने के बाद भी यह पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अब प्रदेश की 28 लाख महिलाओं के चार साल के प्रत्येक महिला को 72 हजार रुपये देने पड़ेंगे। उन्होंने पांच लाख युवाओं को पक्की नौकरी की गारंटी का मुद्दा भी उठाया।

आग

प्रदेश में महीने भर से मौसम शुष्क बना हुआ है जिससे अब आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। किन्नौर, डल्हौजी और कुल्लू जिला में आगजनी की घटनाओं से नुक्सान होने के समाचार हैं।

किन्नौर जिला के चगांव में बीते 3 दिनों से जंगलों में आग भड़की है जिससे गिर रहे मलबे की चपेट में आने से कल सड़क पर चलती एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें सवार एक महिला की मृत्यु हो गई जबकि दो व्यक्ति घायल हुए हैं। घायलों का उपचार जे एस डब्ल्यू अस्पताल शोल्टू में चल रहा है।

कुल्लू जिला में भी मणिकर्ण घाटी की पीणी पंचायत में कल दोपहर बाद आगजनी की घटना में एक अढ़ाई मंजिला मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग की घटना में ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास किए जबकि फायर चौकी जरी से अग्निशमन दल ने भी आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन इस अग्निकांड में लाल चंद और डोले दो लोगों का संयुक्त मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया।

वहीं चंबा जिला के सलूणी उपमंडल के संघणी बाजार में बीती रात आग लगने की एक घटना में 6 दुकानें और एक दो मंजिला मकान जलकर राख हो गया। घटना में कई लोगों का रोजगार खत्म हो गया वहीं लाखों के नुक्सान के साथ कुछ लोगों की रिहायश भी आग की भेंट चढ़ गई। घटना में किसी प्रकार का जानी नुक्सान नहीं हुआ है।

कांग्रेस निष्कासन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रजनीश किमटा और मोहिंदर चौहान को पार्टी ने बैठकों और संगठनात्मक कार्यक्रमों में लगातार अनुपस्थित रहने पर उनके पदों से मुक्त कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि दोनों पदाधिकारियों की लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया गया। अनुशासन समिति की सिफारिश और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल की स्वीकृति के बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासन और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

अधिसूचना

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों की छुटिटयों पर रोक लगाने के फैसले को स्वास्थ्य विभाग ने वापस ले लिया है। डॉक्टरों के विरोध के बाद स्वास्थ्य सचिव कार्यालय की ओर से कल नई अधिसूचना जारी कर आदेशों को निरस्त कर दिया गया है। अब सहायक प्रोफेसरों को पहले की तरह छुटिटयों का लाभ मिलता रहेगा।

दुग्ध उत्पादक

प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों की आर्थिकी मजबूत करने की दिशा में कांगड़ा जिले के ढगवार में करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र तैयार किया जा रहा है। इससे 4 जिलों के हजारों किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। पेश है

ढगवार में निर्माणाधीन इस संयंत्र की प्रतिदिन डेढ़ लाख लीटर दूध प्रसंस्करण की क्षमता होगी। यहां मोजरेला चीज, पनीर, दही, घी और मक्खन जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे जिन्हें हिम ब्रांड के तहत बाजार में उतारा जाएगा। इस परियोजना से कांगड़ा, ऊना, चंबा और हमीरपुर के दुग्ध उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा और उनकी आय बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। संयंत्र के डिजिटलीकरण के लिए सरकार 1ण्25 करोड़ और सुचारू संचालन के लिए 29ण्49 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी उपलब्ध करवाएगी। ढगवार का यह संयंत्र प्रदेश में दुग्ध क्रांति को नई गति देने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में मील का पत्थर साबित होने की उम्मीद है।

पुस्तकालय

हमीरपुर जिला में सरकारी स्कूलों के पुस्तकालय अब दोपहर तीन बजे के बजाय शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे जिससे स्कूली छात्रों के अलावा ग्रामीण युवाओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा।

युवाओं की सुविधा के लिए शिक्षा विभाग ने स्कूल प्रमुखों को पुस्तकालयों के संचालन के लिए क्रमवार शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। इससे युवाओं को गांवों में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा। शैक्षणिक सत्र 2025.26 में शिक्षा विभाग ने जिलेभर के सरकारी स्कूलों में स्थापित पुस्तकालयों को सार्वजनिक किया थाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यालय के बजाय गांवों में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की सुविधा मिल सके। वर्तमान में जिले के अधिकांश सरकारी स्कूलों में लाइब्रेरियन के पद रिक्त हैं। इस कारण पुस्तकालय स्कूल समय के साथ ही दोपहर तीन बजे बंद हो जाते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को पुस्तकालयों की सुविधा का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। युवा लंबे समय से शिक्षा विभाग से इस समस्या का समाधान करने और पुस्तकालयों में शिक्षकों या पंचायत के माध्यम से किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाने की मांग कर रहे थे। युवाओं की मांग पर विभाग ने स्कूल प्रभारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। अब शिक्षकों की ड्यूटी निर्धारित होने से युवा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पुस्तकालयों में बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। साथ ही स्कूलों में उपलब्ध पुस्तकों और अध्ययन सामग्री का उपयोग कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर पाएंगे।

पीटीसी / हमीरपुर

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** की सुर्खी है **तीन लाख 50 हजार महिलाओं को हर माह 1500 रूपए, पात्रों को दो मीटर पर 300 यूनिट मुफत बिजली, हिमाचल में 11 दिसंबर से शुरू होगी मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना।**

पंजाब केसरी का शीर्षक है **40 साल बाद बिजली परियोजनाओं से हिमाचल को मिलेगी 50 प्रतिशत मुफत बिजली। दैनिक जागरण** की खबर है **जंगल की आग से टूटा पहाड़ी का मलबा कार पर गिरा, महिला की मौत।**

मौसम पर **दैनिक भास्कर** की सुर्खी **लगातार तीसरे साल नवंबर सूखा, सामान्य से 79 प्रतिशत कम बारिश, खेतों में नमी घटी।**

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- देश भर में आज मनाया जा रहा संविधान दिवस–शिमला में कांग्रेस निकालेगी संविधान रक्षा मार्च।
- संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई–मेन सत्र के लिए पंजीकरण का आज आखिरी दिन।
- प्रदेश में बारिश न होने से बढ़ी आगजनी की घटनाएं– आगजनी की घटनाओं में एक महिला की मृत्यु, दो व्यक्ति घायल।
- कांगड़ा जिला ढगवार में बन रहे दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का कार्य अंतिम चरण में–4 जिलों के उत्पादकों को मिलेगा लाभ।
- प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों की छुटिटयों पर रोक लगाने का फैसला स्वास्थ्य विभाग ने लिया वापस।
- हमीरपुर जिला में सरकारी स्कूलों के पुस्तकालय अब 5 बजे तक रहेंगे खुले–युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलेगा अतिरिक्त समय।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार